● पढ़ो, समझो और गाओ :

९. वह देश कौन-सा है ?

- रामनरेश त्रिपाठी

जन्म : ४ मार्च १८८९ **मृत्यु :** १६ जनवरी १९६२ **रचनाएँ :** 'मिलन', 'स्वप्न', 'पथिक', 'मानसी' आदि कृतियों के अतिरिक्त आपने बालोपयोगी साहित्य भी लिखा है । **परिचय :** आप राष्ट्रीय-सांस्कृतिक काव्यधारा के प्रमुख कवि हैं ।

प्रस्तुत कविता में भारत की महिमा एवं उसकी सुंदरता को बताया गया है ।

*** चित्र के आधार पर काल संबंधी वाक्य बनाओ और समझो :**

कल ← आज → कल

मनमोहिनी प्रकृति की जो गोद में बसा है,
सुख स्वर्ग-सा जहाँ है वह देश कौन-सा है ?
जिसके चरण निरंतर रत्नेश धो रहा है,
जिसका मुकुट हिमालय वह देश कौन-सा है ?
नदियाँ जहाँ सुधा की धारा बहा रही हैं,
सींचा हुआ सलोना वह देश कौन-सा है ?
जिसके बड़े रसीले फल, कंद, नाज, मेवे,
सब अंग में सजे हैं वह देश कौन-सा है ?
जिसमें सुगंधवाले सुंदर प्रसून प्यारे,
दिन-रात हँस रहे हैं वह देश कौन-सा है ?



❑ विद्यार्थियों से कविता को हाव-भाव के साथ सामूहिक गवाएँ । भावार्थ समझाकर अर्थ पूछें । उनमें देशप्रेम की भावना को विकसित करें । कविता में आए काल (था, है, रहेगा) समझाएँ । काल के भेदों सहित अन्य वाक्य कहलवाएँ और दृढ़ीकरण करवाएँ ।

जरा सोचो ..... बताओ

यदि हिमालय की बर्फ पिघलना बंद हो जाए तो .....



मैदान, गिरि, वनों में हरियालियाँ लहरतीं,
आनंदमय जहाँ है वह देश कौन-सा है ?
जिसके अनंत धन से धरती भरी पड़ी है,
संसार का शिरोमणि वह देश कौन-सा है ?
सबसे प्रथम जगत में जो सभ्य था, रहेगा,
जन-जन का दुलारा वह देश कौन-सा है ?
नवक्रांति के पुजारी, सेवक, सपूत जिसके,
भारत सिवाय दूजा वह देश कौन-सा है ?

मैंने समझा

शब्द वाटिका

नए शब्द

मनमोहिनी = मन को मोहित करने वाली

निरंतर = सदैव	प्रसून = फूल
रत्नेश = सागर	गिरि = पर्वत
सुधा = अमृत	धन = संपत्ति
सलोना = सुंदर	संसार = विश्व
नाज = अनाज	दुलारा =प्यारा

भाषा की ओर

'खेलना' इस क्रिया के सकर्मक, अकर्मक, संयुक्त, सहायक और प्रेरणार्थक रूपों का वाक्यों में प्रयोग करो और लिखो ।

खोजबीन

'परमवीर चक्र' पुरस्कार प्राप्त सैनिकों की सूची बनाओ ।
देखें (www.paramvirchakra.com)

सुनो तो जरा

देशभक्ति पर आधारित कविता सुनो और सुनाओ ।

बताओ तो सही

अपने परिवेश में शांति किस प्रकार स्थापित की जा सकती है ।

वाचन जगत से

वैज्ञानिक की जीवनी पढ़ो और उसके आविष्कार लिखो ।

मेरी कलम से

क्रमानुसार भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के नाम लिखो ।

✻ इस कविता के आधार पर भारत की विविधता एवं विशेषताएँ सात–आठ वाक्यों में लिखो ।

सदैव ध्यान में रखो

ऐतिहासिक वास्तुओं का संरक्षण करना हमारा कर्तव्य है ।

विचार मंथन

।। स्वतंत्रता मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है ।।

स्वयं अध्ययन

KN9XGT

✻ नीचे दिए गए राष्ट्रीय प्रतीकों के चित्र देखो और उनके नाम लिखो :

हमें जानो

✻ मार्ग पर चलते हुए तुमने कुछ यातायात संकेत देखे होंगे । इन सांकेतिक चिह्नों का क्या अर्थ है, लिखो :

____

____

____

____

____

____

____

____